न्यूजऑनएआईआर रेडियो लाइव-स्ट्रीम वैश्विक रैंकिंग

आकाशवाणी वर्ल्ड सर्विस पाकिस्तान में लोकप्रिय

प्रविष्टि तिथि: 14 OCT 2021 2:31PM by PIB Delhi

विश्व स्तर पर शीर्ष देशों (भारत को छोड़कर) की नवीनतम रैंकिंग में, जहां न्यूजऑनएआईआर ऐप पर ऑल इंडिया रेडियो लाइव स्ट्रीम काफी लोकप्रिय हैं, 25 शीर्ष देश सामने आए हैं। इस सूची में पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल जैसे पड़ोसी देशों से लेकर पश्चिम एशियाई देश - इस्राइल, सउदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, बहरीन, कुवैत तथा ओमान और यूरोपीय देश - फ्रांस, स्विट्जरलैंड, फिनलैंड, नीदरलैंड और जर्मनी शामिल हैं।

इन शीर्ष 25 देशों के लिए एआईआर स्ट्रीम्स की रैंकिंग में, एआईआर वर्ल्ड सर्विस, एआईआर गुजराती, एआईआर पंजाबी और एआईआर न्यूज़ 24x7 पाकिस्तान में बढ़त पर है, जबकि एफएम गोल्ड दिल्ली, एफएम रेनबो दिल्ली और विविध भारती के इस्राइल में अच्छी संख्या में श्रोता हैं।

दुनिया के शीर्ष देशों (भारत को छोड़कर) की रैंकिंग में काफी बदलाव के साथ एआईआर कोच्चि एफएम रेनबो और रेनबो कन्नड़ कामनबिलु ने एआईआर न्यूज 24x7 और एफएम रेनबो मुंबई को पीछे छोड़ते हुए, फिर से शीर्ष 10 के बीच अपना स्थान बना लिया है। एआईआर कोडैकनाल और एआईआर चेन्नई रेनबो ने अपनी रैंकिंग में बढ़त दर्ज की है।

शीर्ष एआईआर स्ट्रीम्स के लिए देशों (भारत को छोड़कर) की रैंकिंग में एफएम गोल्ड दिल्ली और एफएम रेनबो दिल्ली, अमरीका, ब्रिटेन, फिजी, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, जापान और मिस्र में काफी लोकप्रिय हैं।

ऑल इंडिया रेडियो की 240 से अधिक रेडियो सेवाओं को, प्रसार भारती के आधिकारिक ऐप न्यूज़ऑनएयर ऐप पर लाइव-स्ट्रीम किया जाता है। न्यूज़ऑनएआईआर ऐप पर ये ऑल इंडिया रेडियो स्ट्रीम के न केवल भारत में, बल्कि विश्व स्तर पर, दुनिया भर के 85 से अधिक देशों में बड़ी संख्या में श्रोता हैं।

यहां भारत के अलावा शीर्ष देशों की एक झलक है, जहां न्यूज़ऑनएआईआर ऐप पर एआईआर लाइव-स्ट्रीम सबसे लोकप्रिय हैं। दुनिया के शेष हिस्सों में न्यूज़ऑनएआईआर ऐप पर ऑल इंडिया रेडियो स्ट्रीम शीर्ष पर है। आप इसका देश-वार विवरण देख सकते हैं। ये रैंकिंग 30 सितम्बर से 11 अक्टूबर 2021 के पाक्षिक आंकड़ों पर आधारित हैं।

तालिका देखने के लिए यहां क्लिक करें-

***

एमजी/एएम/एसकेएस/एचबी

(रिलीज़ आईडी: 1763963) आगंतुक पटल : 47

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Marathi , Punjabi , Tamil